हुये अनेक कार्यक्रम | वंदे मातरम् जिलास्तरीय मुख्य कार्यक्रम पीजी कॉलेज ग्राउंड में हुआ

# राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् के 150वां स्मरणोत्सव आयोजित

**नवभारत,दमोह। राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ के अवसर पर जिलास्तरीय मुख्य कार्यक्रम पी.जी कॉलेज ग्राउंड में आयोजित किया गया. इस अवसर पर अतिथि के रूप में पशुपालन व डेयरी विभाग राज्यमंत्री लखन पटेल, सांसद राहुल सिंह लोधी, दमोह विधायक व पूर्व मंत्री जयंत मलैया और जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल, उपाध्यक्ष डॉ. मंजू धर्मेन्द्र कटारे, महेश पटेल, कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर खासतौर पर उपस्थित रहे.कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकों, जनप्रति निधियों, विद्यार्थियों और युवाओं ने भाग लिया. पशुपालन व डेयरी विभाग राज्यमंत्री लखन पटेल ने कहा आज का कार्यक्रम ऐतिहासिक रहा.**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है 7 नवंबर का दिन इतिहास में स्वर्णाक्षरों में लिखा जाएगा.राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ के अवसर पर देशभर में विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए. राज्यमंत्री श्री पटेल ने कहा इस आयोजन में अनेक लोग विशेष रूप से जुड़े, खासकर युवाओं को वंदे मातरम के महत्व और उसके प्रत्येक शब्द के गूढ़ अर्थ से अवगत कराया गया. सांसद राहुल सिंह लोधी ने कहा कि इस वर्ष हम कई ऐतिहासिक अवसर मना रहे हैं सरदार वल्लभभाई पटेल, भगवान बिरसा मुंडा और वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे हुए हैं, साथ ही हॉकी के 100 वर्ष भी पूरे हुए हैं. इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लाइव प्रसारण को पी.जी कॉलेज ऑडिटोरियम में अतिथियों और उपस्थित गणमान्य नागरिकों, अधिकारियों, कर्मचारियों ने देखा व सुना.कार्यक्रम में डिप्टी कलेक्टर बृजेश सिंह, जन अभियान परिषद जिला समन्वयक सुशील कुमार नामदेव, जिला लोक सेवा प्रबंधन अधिकारी चक्रेश पटेल,एएसपी सुजीत सिंह भदौरिया, डिप्टी कलेक्टर ब्रजेश सिंह,सीएसपी एचआर पांडे, टीआई मनीष कुमार, महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. पी.के जैन, नगरपालिका सीएमओ राजेंद्र सिंह, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रीति कमल ठाकुर, संगीता श्रीधर, राघवेन्द्र सिंह परिहार, भरत यादव, आलोक चौबे,कविता राय, रमाकांत बाजपेयी,राजेंद्र चौरसिया, रिंकु गोस्वामी, जुगल अग्रवाल,नर्मदा एकता सिंह, बबली विश्वकर्मा, कृष्णा पटेल, सम्मानीय मीडियाजन मौजूद रहे.






## मडियादो के किला परिसर में खंड-स्तरीय कार्यक्रम आयोजित



ग्राम पंचायत मडियादो के किला परिसर में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150वें स्मरणोत्सव के अवसर पर खंड स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जनपद पंचायत हटा अध्यक्ष गंगाराम पटेल, अनुविभागीय अधिकारी हटा राकेश मरकाम व सरपंच राधारानी ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन के साथ किया। कार्यक्रम में स्कूली छात्र-छात्राओं, अतिथियों, अधिकारियों और शिक्षकों ने सामूहिक रूप से वंदे मातरम का गायन किया।इसके बाद दिल्ली से आयोजित मुख्य कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा गया, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का प्रेरक संदेश सुना गया। जनपद पंचायत हटा अध्यक्ष गंगाराम पटेल ने छात्रों को वंदे मातरम् की रचना और इसके रचयिता से संबंधित जानकारी देते हुए बताया कि इस अमर गीत की रचना 7 नवम्बर 1875 को हुई थी और इसे सर्वप्रथम 1896 में रवींद्रनाथ टैगोर जी ने स्वरबद्ध किया था।उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे वंदे मातरम गीत को कंठस्थ स्मरण करें और इसके अर्थ को आत्मसात करें। कार्यक्रम में कमलेश चौदह ने भी वंदे मातरम के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर नायब तहसीलदार शिवराम चढ़ार, सीईओ संजय गोस्वामी, अनमोल छिरोलिया, अभिषेक जैन, डॉ .रामगोपाल सोनी, सचिव धुन सिंह राजपूत, रामकरण अहिरवार सहित क्षेत्र के शिक्षक व छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## 150 वर्ष पूर्ण होने पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में गायन



राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में पुलिस अधीक्षक कार्यालय में गायन . इस अवसर पर अति० पुलिस अधीक्षक दमोह सुजीत सिंह भदौरिया, उप पुलिस अधीक्षक (अजाक) सौरभ त्रिपाठी, थाना प्रभारी यातायात दलबीर सिंह मार्को, थाना प्रभारी दमोह श्रीमति रचना मिश्रा, थाना प्रभारी महिला थाना श्रीमति रजनी शुक्ला, सूबेदार अभिनय साहू एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय, रक्षित केन्द्र, थाना दमोह देहात के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे.



## श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान में 1024 अर्घ समर्पित किए गए

नवभारत,हटा/दमोह। सुप्रसिद्ध सिद्धक्षेत्र कुण्डलपुर में समाधिसम्राट संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज का आचार्य पदारोहण दिवस धूमधाम से मनाया गया। परमपूज्य विद्या शिरोमणि आचार्य श्री समयसागर जी महाराज के मंगल आशीर्वाद से इस अवसर पर प्रातः भक्तामर महामंडल विधान, पूज्य बड़े बाबा का अभिषेक, रिद्धि कलश, शांतिधारा, आचार्य श्री विद्यासागर महाराज की पूजन, आचार्य छत्तीसी विधान हुआ।

### कुण्डलपुर में आज होगा वंदे मातरम का गायन

कुंडलपुर क्षेत्र कमेटी के तत्वाधान में राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में माननीय जिलाधीश महोदय के आदेश अनुसार सिद्ध क्षेत्र कुण्डलपुर में प्रातः 8:00 बजे राष्ट्रगीत वंदे मातरम का गायन होगा।

## एक नजर में

### दृगपाल सिंह लोधी पुन: युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष बने



नवभारत,दमोह। कांग्रेस ने जून माह मे सम्पूर्ण मध्यप्रदेश में युवा कांग्रेस के चुनाव आईवाईसी एप्प के माध्यम से सम्पन्न कराये थे। जिसमें प्रदेश अध्यक्ष से लेकर जिलाध्यक्ष, ब्लॉक अध्यक्ष के चुनाव सम्पन्न हुए थे। इन चुनावों का परिणाम कल दोपहर 2 बजे आया, जिसमें दमोह जिले से युवा कांग्रेस के अध्यक्ष पद के लिए दृगपाल लोधी ने चुनाव जीता है। दमोह से युवा कांग्रेस के चुनाव मे तीन प्रत्याशी मैदान मे थे, जिसमें दृगपाल सिंह लोधी, अफ़्ज़ल खान, अरुण दुबे। दृगपाल सिंह लोधी क़ो 2554 वोट मिली और वो जिलाध्यक्ष निर्वाचित हुए, वही अफ़्ज़ल खान उपाध्यक्ष व अरुण दुबे सचिव के रूप मे निर्वाचित हुए। दृगपाल सिंह लोधी ने कहा कि ञवो गॉव गॉव युवा कांग्रेस का विस्तार करेंगे और जिले भर से हजारों युवाओं क़ो युवा कांग्रेस मे जोड़ने का कार्य करेंगे। युवा कांग्रेस का प्रत्येक कार्यकर्त्ता दमोह के किसानों, मजदूरों, महिलाओ, युवाओं की आवाज़ बनेगा और उनके हक की लड़ाई पूरी मजबूती से लड़ेंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि चुनावी प्रक्रिया काफ़ी कठिन थी लेकिन हमारी टीम की अटूट मेहनत से आज वो पुन: जिलाध्यक्ष बने है।



### 100 वर्ष पूर्ण होने पर गौरवशाली शताब्दी समारोह पर खिलाड़ियों का किया उत्साहवर्धन

नवभारत,दमोह। राष्ट्रीय खेल हॉकी के 100 वर्ष पूर्ण होने पर गौरवशाली शताब्दी समारोह के अवसर पर हॉकी टर्फ स्टेडियम, दमोह में सम्मिलित होकर जनप्रतिनिधियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।हॉकी सिर्फएक खेल नहीं, ये हमारी पहचान और गर्व की अमर विरासत हैं।राज्यमंत्री लखन पटेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि हॉकी ने भारत को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है, युवा खिलाड़ियों को इस परंपरा को आगे बढ़ाना चाहिए। सांसद दमोह राहुल सिंह लोधी ने कहा हॉकी हमारे देश की शान है, जिसने भारत को विश्व पटल पर गौरव दिलाया है। युवा खिलाड़ी समर्पण और अनुशासन से खेल भावना को आगे बढ़ाएँ। विधायक जयंत कुमार मलैया ने कहा कि खेल अनुशासन, एकता और राष्ट्रप्रेम का माध्यम है, हमें हॉकी के स्वर्णिम इतिहास पर गर्व है। इस अवसर पर प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल, पूर्व मंत्री व दमोह विधायक जयंत कुमार मलैया, महेश पटैल, राघवेंद्र परिहार, भरत यादव, रमाकांत वाजपेयी सहित अन्य जनप्रतिनि धिगण, गणमान्य नागरिक एवं खिलाड़ियों की उपस्थिति रही।




### सकल नेमा समाज ने श्री भौदला बाबा को ध्वज चढाया

नवभारत,दमोह .हिंडोरिया स्थित श्री भौदला बाबा मंदिर पर 48 वां ध्वजारोहण कार्यकम किया गया . जिसमें सागर से आई नेमा समाज द्वारा ध्वज विशेष पूजा अर्चना के साथ चढाया . सुबह पटेरा नाका पर सागर से आये नेमा समाज का नगर वासियो ने स्वागत किया .यही से भव्य शोभायात्रा बैंड वाजो के साथ निकाली गई .यात्रा मुख्य बाजार क्षेत्र पहुंची जहां पर भारी अतिशवाजी कर लोगो के द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया .नगर के विभिन मार्गो से होती हुई शोभा यात्रा 11 बजे मंदिर परिषद पहुंची . जहां पर भौंदला बाबा को ध्वज अर्पित किया . चारो ओर बाबा के जयकारे गुज रहे थे .नीचे पंडाल में भोजन प्रसाद के वाद सांस्कृतिक कार्यकम किये गये यही पर दमोह सांसद राहुल सिंह द्वारा भूमि पूजन किया गया .बाहर से आये नेमा समाज के कलाकारों के द्वारा अनेक प्रकार के कार्यकम किये गये . जिन्हे लोगो द्वारा सराहा गया समिति के द्वारा सांसद, विधायक व अन्य सदस्यो को साल श्रीफ़ल पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया . दमोह की नेमा समाज के द्वारा छत्र व भौदला बाबा की रजत पादुका लेकर पद यात्रा कर बाबा के दरबार में माथा टेका दमोह सांसद के द्वारा 15 लाख रूपये सामुदायक भवन के लिये प्रदान किये गये .इसी प्रकार हटा विधायक के द्वारा भी 4 लाख रूप्ये दिये गये उक्त अवसर पर दमोह सांसद राहुल सिंह ,दमोह विधायक जयंत मलैया, हटा विधायक उमादेवी खटीक, पूर्व विधायक प्रधुम्मन सिंह भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे ,अतुल सिह ,हिंडोरिया भाजपा मंडल अध्यक्ष देवेंद्र सिंह ,राम सिंह, डॉ सी ऐल् नेमा हटा,ठेकेदार ,नेमा समाज से चतुर्भुज नेमा, डी पी नेमा ने वताया कि दमोह से 16 किमी की पैदल यात्रा कर चादी की पादुका लेकर आते है भौदला बाबा की विशेष पूजा अर्चना कर माथा टेकते है कार्यक्रम का मंच संचालन अतुल नेमा कमलेश नेमा ने किया . कार्यकम में श्यामसुंदर नेमा,व्रजेश नेमा, लोकमन परिवार से अमित सचिन नेमा,सत्यनारायण नेमा आशीष नेमा, डॉ महेश नेमा, पंचम नेमा, पवन नेमा, आशीष नेमा व अन्य नगर वासियों की उपस्थिति रही .

## स्वास्थ्य को लेकर किया जागरूक

### विद्यार्थी योग और व्यायाम करें : सीएचओ



**कुम्हारी नवभारत 7 नवंबर। पीएम श्री मझगुवा हंसराज स्कूल में स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर छात्र-छात्राओं को जागरूक किया गया।**

सीएचओ द्वारा बताया गया कि अब बीमारी से पीड़ित ग्रामीणों को राहत मिल रही है। पटेरिया से जुड़े गांव, मझगुवा, खकरा, खमरिया में हर दिन 25 मरीजों को लाभ मिल रहा है। सीएचओ रेचल स्टीफन द्वारा स्वास्थ्य सेवा से जुड़ी जानकारी बिंदुवार समझाई गई। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही नहीं करे, विशेष तौर पर साफ सफाई का ध्यान रखें।

#### विद्यार्थी खान-पान में लापरवाही नहीं बरते

उन्होंने कहा कि विद्यार्थी खान-पान में लापरवाही नहीं बरते, क्योंकि परीक्षा का समय नजदीक आ रहा। सभी अनावश्यक चीजों से परहेज करते हुए संतुलित आहार ग्रहण करें। उन्होंने कहा कि दैनिक रूप से योग और व्यायाम करना छात्र जीवन के लिए लाभदायक हैं। इस दौरान प्रभारी प्राचार्य हेमराज नेताम सहित शिक्षकों की उपस्थिति रहीं।

## प्रथम दिवस विभिन्न प्रतियोगिताओं के साथ, गरबा और बुंदेली गीतों की दी प्रस्तुति

**नवभारत,दमोह.स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने और स्थानीय रोजगारों का सृजन करने के साथ सशक्त और आत्मनिर्भर भारत की कल्पना को लेकर स्वर्णिम भारत फाऊंडेशन और स्वदेशी जागरण मंच के तत्वाधान में स्वदेशी मेला 225 का शुभारंभ नगर के तहसील मैदान में किया गया.**

आयोजन में स्वदेशी व स्थानीय उत्पादों के साथ भारतीय संस्कृति और परिवेश को दिखाई कलाकृतियां,प्रतियोगिताएं और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां आमजन के बीच होंगी.6 से 16 सितंबर तक चलने वाले 11 दिवसीय इस मेले के प्रथम दिवस उद्घाटन अवसर पर सांसद राहुल सिंह लोधी, विधायक दमोह जयंत मलैया, भाव सिंह लोधी, भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे सहित मेला समिति के दायित्ववान पदाधिकारियो की उपस्थिति में पूजन अर्चन कर मेला का शुभारंभ किया गया. तत्पश्चात आयोजन समिति के द्वारा मुख्य अतिथियों का ग्रामीण कृषि के प्रतीक बैलगाड़ी की कलाकृति के साथ पर्यावरण सुरक्षा के लिए पौधा देकर स्वागत किया गया.उपस्थित अतिथियों ने अपने विचार रखते हुए स्वदेशी की संकल्पना को भारत के विकास और महाशक्ति बनने के लिए अत्यंत आवश्यक बताया.इस अवसर पर उपस्थित लोगों को स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने और आत्मनिर्भर भारत की कल्पना को पूरा करने का संकल्प दिलाया गया.



### प्रतिभागियों ने दिखाया अपना हुनर



11 दिवसीय आयोजन में दोपहर के समय विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है जिसमें मेहंदी रंगोली प्रतियोगिता के साथ पतंगबाजी और पूजा स्थल सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया.इन प्रतियोगिताओं में पूजा स्थल सुझाव प्रतियोगिता अत्यंत ही आकर्षण का केंद्र रहा .इसके माध्यम से नारी शक्ति के द्वारा सनातन धर्म से जुड़ी अलग-अलग पर्व और आराधना से जुड़ी पूजाओं को सजाया गया। इस दौरान प्रतिभागियों ने पूजा की विधि और उसके महत्व को भी लोगों को बताया . विद्यालयीन प प्रतियोगिताओं के अंतर्गत स्कूली छात्रों से पतंग प्रतियोगिता कराई गई .

### बुंदेली गीत और गरबा की हुई प्रस्तुति

आयोजन के प्रथम दिवस सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की बेला में प्रसिद्ध बुंदेलखंडी गायिका मुस्कान माधवी और प्रिया सेन के द्वारा सुमधुर बुंदेली गीतों की प्रस्तुति दी गई. इसके साथ ही मातृशक्ति के द्वारा शक्ति की आराधना गरबा की प्रस्तुति दी गई.बुंदेली गीतों और गरबा पर उपस्थित लोगों द्वारा पसंद किया गया.



### जिला अस्पताल दमोह में दो दिवसीय निरीक्षण

नवभारत,दमोह .जिला अस्पताल दमोह में एनक्यूएएस की प्रदेश स्तर से 3 सदस्यीय टीम दो दिवसीय निरीक्षण हेतु आई है .जिसमें पाटन के सीबीएमओ तथा राष्ट्रीय एसेसर डॉ आदर्श विश्नोई, जिला अस्पताल सागर के आर एम ओ डॉ अभिषेक सिंह ठाकुर तथा जिला अस्पताल जबलपुर से विनीता सोनी शामिल रहीं .गुरूवार को प्रथम दिवस लेबर रूम, मैटरनिटी ओटी,रेडियोलॉजी विभाग, ब्लड बैंक, पीपी यूनिट, मैटरनिटी वार्ड, एक्सी डेंटल ऐंड इमरजेंसी विभाग तथा आई सी यू का सघन निरीक्षण किया जायेगा।

## चिन्हित भूमि पर हो रहा अतिक्रमण

### विशालकाय पेड़ भी अब धीरे-धीरे कटने लगे हैं

**कुम्हारी नवभारत 7 नवंबर। बमनी ग्राम पंचायत से जुड़ा हुआ क्षेत्र, जो कि राजस्व के अंतर्गत आता है। यहां पर स्थानीय लोगों द्वारा अतिक्रमण करने की कवायद की जा रही है। पूर्व में भी अतिक्रमण किया गया था, जिसे वन विभाग और राजस्व की टीम द्वारा हटाया गया था।**

उक्त भूमि को लिंक बेतवा केन परियोजना के अंतर्गत चिन्हित भी किया गया। इसके बावजूद अतिक्रमण करने वालों के हौसले बुलंद है। पूर्व में लगे हुए विशालकाय पेड़ भी धीरे-धीरे अब कटने लगे हैं, यदि यह भूमि पूर्ण रूप से वन विभाग को स्थानांतरित की जाती है तो इसकी सुरक्षा हो सकती है। राजस्व अमले को इस बात की जानकारी है, इसके बावजूद भी कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे।



**इनका कहना है**
स्थल का निरीक्षण किया जाएगा तथा पटवारी से रिपोर्ट मांगी जाएगी।
**मानसी अग्रवाल, तहसीलदार पटेरा**

## 15 सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा




नवभारत,दमोह। 15 सूत्री मांगों को लेकर मध्यप्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ ने डिप्टी कलेक्टर बृजेंद्र सिंह के माध्यम से कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा दमोह मध्य प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ जिला शाखा दमोह ने प्रांतीय आवाहन पर 15 सूत्री मांगों का ज्ञापन कलेक्टर दमोह द्वारा मुख्यमंत्री व मुख्य सचिव मध्य प्रदेश शासन भोपाल को प्रेषित किया। जिला अध्यक्ष प्रमोद अहिरवार ने बताया कि मध्य प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ के कर्मचारियों से संबोधित 15 सूत्री मांगों का ज्ञापन दिया जिसमें नियमित चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के रिक्त पदों पर सीधी भर्ती की जाए, भ्रत्य नाम परिवर्तन कर कार्यालय सहायक नाम किया जाए, लघु वेतन कर्मचारी संघ को पदोन्नति का लाभ व कर्मचारियों को वर्दी दी जाए, 45000 स्थाई कर्मी कर्मचारियों को नियमित सेवा के कर्मचारियों की तरह सभी प्रकार की सुविधा दी जाए।

पहल | ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में जरूरतमंद महिलाओं और किशोरियों को स्वच्छता व सुविधाएं

## कलेक्टर को नि :शुल्क सेनिटरी नैपकिन वितरण हेतु सामग्री भेंट

नवभारत,दमोह। महिलाओं के स्वास्थ्य व स्वच्छता के क्षेत्र में निरंतर कार्यरत संगम सेवा व महिला उत्थान समिति द्वारा शुक्रवार को कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर को नि:शुल्क सेनिटरी नैपकिन वितरण अभियान के लिए बड़ी मात्रा में सेनिटरी नैपकिन भेंट किए गए। इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों की उन जरूरतमंद महिलाओं और किशोरियों तक स्वच्छता की बुनियादी सुविधाएं पहुँचाना है जो आज भी जागरूकता व संसाधनों के अभाव में मासिक धर्म स्वच्छता का समुचित ध्यान नहीं रख पाती। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने इस जनहितकारी पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के सामाजिक संगठन समाज में जागरूकता लाने के साथ-साथ प्रशासन के प्रयासों को भी सशक्त बनाते हैं। उन्होंने समिति को उनके निरंतर सामाजिक कार्यों के लिए शुभकामनाएं दीं।समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि यह अभियान महिलाओं के स्वास्थ्य व सम्मान दोनों को ध्यान में रखते हुए चलाया जा रहा है, जिससे समाज में स्वच्छता व जागरूकता का संदेश व्यापक रूप से फैलाया जा सके। यह अभियान समिति की उस दूरदृष्टि का हिस्सा है जिसके अंतर्गत स्वस्थ नारी-सशक्त नारी का संदेश समाज के हर वर्ग तक पहुँचाना प्रमुख उद्देश्य है। इस अवसर पर समिति के प्रतिनिधि पार्षद कपिल सोनी, संजय गौतम (अध्यक्ष, संगम सेवालय दमोह) तथा मोंटी रैकवार सहित अन्य सदस्यगण







### कृषि विज्ञान केंद्र में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

नवभारत,दमोह। कृषि विज्ञान केंद्र में कृषि विभाग व आत्मा परियोजना के अंतर्गत कार्यरत समस्त कृषि विस्तार अधिकारी, बीटीएम व एटीएम के लिए इफ़्को द्वारा रबी फ़सलों की तैयारी व नैनो उर्वरक उपयोगिता विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का सफ़ल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एडवोकेट हरीशचंद्र पटेल,राज्य विपणन प्रबंधक इफ़्को भोपाल डॉ .डी .के सोलंकी, सहायक संचालक, किसान कल्याण व कृषि विकास विभाग जगत प्रजापति,जिला विपणन अधिकारी इंद्रपाल सिंह राजपूत तथा वरिष्ठ वैज्ञानिक व प्रमुख, कृषि विज्ञान केंद्र दमोह डॉ . मनोज अहिरवार उपस्थित रहे।

## हिंडोरिया में अवैध मदिरा परिवहन करते दो आरोपी गिरफ्तार,123 पाव देशी शराब जब्त



नवभारत,दमोह ।अवैध मदिरा विक्रय,संग्रहण, परिवहन और उपभोग के विरुद्ध चल रही कार्यवाही के तहत 6 नवंबर को आबकारी वृत हिंडोरिया टीम ने बड़ी सफ़लता हासिल की। प्रभारी सहायक जिला आबकारी अधिकारी केशव प्रसाद गांधी के नेतृत्व में की गई कार्रवाई में गुंजी तिराहा से नोनपानी मार्ग पर एक मोटरसाइकिल पर अवैध रूप से मदिरा परिवहन करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सत्यम विश्वकर्मा पिता प्रकाश विश्वकर्मा 24 वर्ष, निवासी जटाशंकर कॉलोनी दमोह थाना कोतवाली और गजेंद्र लोधी पिता भान सिंह लोधी 26 वर्ष, निवासी ग्राम टिकरी पिपरिया थाना हिंडोरिया के रूप में हुई है ।आबकारी विभाग ने दोनों के कब्जे से कुल 123 पाव देशी मसाला मदिरा और परिवहन में प्रयुक्त मोटरसाइकिल को विधिवत जब्त किया। जब्त की गई सामग्री की अनुमानित कीमत लगभग 62,000 है। दोनों आरोपियों के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)(क) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई है। इस कार्रवाई में आबकारी आरक्षक हरिसिंह घुरैया, कुलदीप कटारे, छोटेलाल चौरसिया, महिला आरक्षक गीतांजलि गुप्ता और मेघा अहिरवार की महत्वपूर्ण भूमिका रही।